राज्य का भी कुछ भाग इस सर्किल मे शामिल कर लिया गया है, और

(ख) यदि हा, तो क्या इस सर्किल को तोड़ कर इसका कुछ कम क्षेत्रफल करने के प्रस्ताव पर सरकार विचार करेगी ?

**संचार मंत्री (श्री हेमवतीनंदन बहुगुणा)** : (क) और (ख) खडवा टेलीफोन एक्सचेंज का सीधा सम्बन्ध 14 स्थानो से जुडा हुआ है जिनमे से 4 महाराष्ट्र राज्य मे हैं। ये स्थान है—अकोला, भुसावल, बम्बई और नागपुर। बाकी 10 स्थान मध्य प्रदेश राज्य मे ही है।

इस टेलीफोन एक्सचेंज की यातायात की आवश्यकता पूरी करने के लिए खडवा एक्सचेंज मे अतिरिक्त ट्रक और विशेष सेवा पोजीशन जोडी जा रही है।

इस एक्सचेंज को अधिक भागो मे बाटने या इसका क्षेत्र कम करने का औचित्य नही है।

**नेपा मिल मे स्थानीय लोगो की नियुक्ति**

7303 **श्री गगा चरण दीक्षित** : क्या **औद्योगिक विकास** मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि·

(क) नेपानगर के कागज के कारखानो मे कार्य करने वाले विभिन्न ग्रेडो के कर्मचारियो की सख्या कितनी है और उनके वेतनमान क्या है ;

(ख) क्या 500 रुपये से कम वेतन वाले पदो पर स्थानीय लोगो को नियुक्त करने के बारे मे वित्त मत्रालय (ब्यूरो आफ पब्लिक एण्टर प्राइजज) के आदेशो का उक्त फैक्टरी द्वारा पालन किया जा रहा है, और

(ग) फैक्टरी मे उन पदो पर, जिनका वेतनमान 500 रुपये प्रतिमास से अधिक नही हैं काम कर रहे स्थानीय लोगो की सख्या कितनी है और ऐसे पद कितने हैं ?

**औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) से (ग). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा पटल पर रख दी जायेगी।

**मध्य प्रदेश के विकास के लिये योजना**

7304. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या **औद्योगिक विकास** मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि·

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के विकास के लिए हाल ही मे कोई योजना बनाई है और उस केन्द्रीय सरकार को स्वीकृति के लिये भेजा है,

(ख) यदि हा, तो इसकी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) इस पर केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**औद्योगिक विकास मंत्रालय मे उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)** (क) औद्योगिक विकास मत्रालय मे ऐसी कोई आयोजना प्राप्त नही हुई है।

(ख) से (ग) प्रश्न ही नही उठते।

**Heavy Industries in Bihar**

7305 KUMARI KAMLA KUMARI : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT be pleased to state

(a) the number of Heavy Industries in Bihar both in Public and Private sectors, their location and the items manufactured by them,

(b) the total investment in heavy industries in both the sectors separately, and

(c) the number of persons employed in heavy industries separately ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD). (a) to (c). It is presumed that by 'heavy industries' the Hon'ble Member refers to industries with an investment of Rs. one